# IV

# STD

# LESSON

# पाठ छे

## राजू जाता है।



भूपाल खाता है।
भूपाल क्या खाता है?
वह आम खाता है।
रहीम गेंद खेलता है।
पीटर पाठ पढ़ता है।
राजू स्कूल जाता है।
रवि घर जाता है।



मैदान में दो लड़के हैं।
वे रवि और करीम हैं।
वे क्या करते हैं?
वे गेंद खेलते हैं।
भूपाल क्या करता है?
भूपाल मैदान में खेलता है।
रवि और करीम कहाँ खेलते हैं?
रवि और करीम भी मैदान में खेलते हैं।

अध्यापक आते हैं।
वे क्या लाते हैं?
वे किताब लाते हैं।
पिताजी कहाँ जाते हैं?
पिताजी बंगलूरु जाते हैं।

हम पढ़ते हैं।
हम हिंदी पढ़ते हैं।
हम रोज़ हिंदी पढ़ते हैं।
हम स्कूल में रोज़ हिंदी पढ़ते हैं।
यहाँ सब लड़के हिंदी पढ़ते हैं।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आम | Mango | மாம்பழம் | మామిడిపండు | ಮಾವಿನ ಹಣ್ಣು | മാമ്പഴം |
| गेंद | Ball | பந்து | బంతి | ಚೆಂಡು | പന്ത് |
| खेल | Play | விளையாடு | ఆట, ఆడు | ಆಡು | കളിക്കുക |
| जा | Go | போ | వెళ్ళు | ಹೋಗು | പോകുക |
| रोज़ | Daily | தினமும் | ప్రతి దినము, ప్రతిరోజు | ನಿತ್ಯ | ദിവസേന |
| सब | All | எல்லோரும் | అందరు | ಎಲ್ಲರೂ | എല്ലാം |

## अभ्यास

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-**

1. भूपाल क्या खाता है?
2. रवि और करीम कहाँ खेलते हैं?
3. पिताजी कहाँ जाते हैं?

# पाठ सात

## विमला पढ़ती है।



लता, तुम यहाँ क्या करती हो?
मैं यहाँ पढ़ती हूँ।
मैं हिंदी पढ़ती हूँ।
मैं अंग्रेज़ी भी पढ़ती हूँ।
विमला भी पढ़ती है।

मैं पाठ लिखती हूँ।
गीता भी पाठ लिखती है।
हम सब लिखती हैं।
हम हिंदी पाठ लिखती हैं।
यहाँ दो लड़कियाँ हैं।
ये लड़कियाँ क्या करती हैं?
ये लड़कियाँ पढ़ती और लिखती हैं।

कमला गाती है।
श्रीदेवी लिखती है और राधिका पढ़ती है।
माताजी आज कहाँ जाती हैं?
माताजी आज बंगलूरू जाती हैं।
मामीजी कहाँ जाती हैं?
मामीजी हैदराबाद जाती हैं।
माताजी आज जाती हैं।
मामीजी भी आज जाती हैं।

*   *   *

कुत्ता वहाँ खेलता है।
गाय यहाँ आती है।
कुत्ता क्या खाता है?
कुत्ता भात खाता है।
गाय क्या पीती है?
गाय पानी पीती है।
कुत्ता क्या पीता है?
कुत्ता दूध पीता है।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कर | Do | செய் | చేయు | ಮಾಡು | ചെയ്യുക |
| अंग्रेज़ी | English | ஆங்கிலம் | ఆంగ్లము | ಆಂಗ್ಲ | ഇംഗ്ലീഷ് |
| पानी | Water | தண்ணீர் | నీరు | ನೀರು | വെള്ളം |

## अभ्यास

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-**

**1. लता, तुम यहाँ क्या करती हो?**
**2. गाय क्या पीती है?**
**3. कुत्ता क्या खाता है?**

# पाठ आठ

## दिनेश लाता है।

दिनेश क्या लाता है?
दिनेश कलम लाता है।
दिनेश कहाँ से कलम लाता है?
वह बाज़ार से कलम लाता है।
वह घड़ी भी लाता है।
सलीम, तुम क्या लाते हो?
मैं एक किताब लाता हूँ।
तुम कहाँ से किताब लाते हो?
मैं स्कूल से किताब लाता हूँ।
विजय क्या खाता है?
वह सेब खाता है।
क्या वह अमरूद खाता है?
नहीं, वह अमरूद नहीं खाता।
वह सेब खाता है।
विशाल और जोसफ़ कहाँ खेलते हैं?
विशाल और जोसफ़ मैदान में खेलते हैं।
क्या वे घर में भी खेलते हैं?
नहीं, वे घर में नहीं खेलते।
वे मैदान में खेलते हैं।
वनजा, तुम कहाँ पढ़ती हो?
मैं गाँधी स्कूल में पढ़ती हूँ।
क्या मालिनी भी वहाँ पढ़ती है?
हाँ, मालिनी भी वहाँ पढ़ती है।



वीणा, तुम क्या करती हो?
मैं हिंदी पढ़ती हूँ।
क्या तुम अंग्रेज़ी भी पढ़ती हो?
जी हाँ, मैं अंग्रेज़ी भी पढ़ती हूँ।
वहाँ देखो, मैदान में लड़के खेलते हैं।
तुम भी बाहर जाओ और खेलो।
रात में जल्दी सोओ। सबेरे जल्दी उठो।
आओ राधा, बैठो। तुम गीत गाओ।
पंडितजी, आप गीत सुनिए।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| से | From | இருந்து | నుంచి, నుండి | ಇಂದ | നിന്നു |
| बाज़ार | Market | கடைவீதி | అంగడి వీధి, బజారు | ಮಾರುಕಟ್ಟೆ | മാർക്കറ്റ് |
| सेब | Apple | ஆப்பிள் | ఆపిల్‌పండు | ಸೇಬೆ | ആപ്പിൾ |
| अमरूद | Guava | கொய்யாப்பழம் | జామపండు | ಪೇರಲಸೀಬೆ | കൊയ്യാക്കായ്, പേരക്കായ് |
| बाहर | Outside | வெளியே | వెలుపల, బయట | ಹೊರಗೆ | വെളിയേ |
| जल्दी | Early, Soon | சீக்கிரம் | వేగముగా | ಬೇಗ | വേഗം |
| सबेरे | In the Morning | காலையில் | ఉదయమున, ప్రొద్దున | ಮುಂಜಾನೆ ಬೆಳಗ್ಗೆ | രാവിലെ |
| उठ | Get up | எழுந்திரு | లే, లెమ్ము | ಏಳು | എഴുന്നേൽക്കുക |

## अभ्यास

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-**

1. दिनेश कहाँ से कलम लाता है?
2. विजय क्या खाता है?
3. वनजा, तुम कहाँ पढ़ती हो?

## पाठ नौ

### का - के - की

यह शेखर का घर है।
शेखर का घर बड़ा है।
शेखर का घर शहर में है।



रमेश शेखर का भाई है।
रमेश शेखर का छोटा भाई है।
उमा शेखर की बहन है।
उमा शेखर की छोटी बहन है।

सुरेश शेखर का बड़ा भाई है।
रमेश और शेखर सुरेश के छोटे भाई हैं।
कमला शेखर की बड़ी बहन है।
यह शेखर का स्कूल है।
शेखर का स्कूल इंदिरा नगर में है।

यह स्कूल का बाग है।
स्कूल का बाग बड़ा है।
बाग में कई पेड़ हैं।
बाग के पेड़ ऊँचे हैं।
बाग में कौन हैं?
बाग में स्कूल के लड़के हैं।

देखो, शेखर के पिता आते हैं।
शेखर के अध्यापक भी आते हैं।
वहाँ मोहन का कुत्ता आता है।
मोहन का कुत्ता अच्छा है।

वह आपका घर है।
यह आपकी कलम है।
मुकेश आपका भाई है।
निर्मला आपकी बहन है।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बड़ा | Big | பெரிய | పెద్ద | ದೊಡ್ಡ | വലുത് |
| शहर | City | நகரம் | నగరము, పట్టణము | ಪೇಟೆ, ನಗರ | പട്ടണം |
| छोटा | Small | சிறிய | చిన్న | ಸಣ್ಣ | ചെറുത് |
| बहन | Sister | சகோதரி | సహోదరి, సోదరి | ಸೋದರಿ | സഹോദരി |
| बाग | Garden | தோட்டம் | తోట | ಉದ್ಯಾನ | ഉദ്യാനം |
| पेड़ | Tree | மரம் | చెట్టు | ಮರ | മരം |
| ऊँचा | High | உயரமான | ఎత్తైన | ಎತ್ತರವಾದ | ഉയർന്ന |

## अभ्यास

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-**

1. शेखर का घर कहाँ है?
2. शेखर का स्कूल कहाँ है?
3. बाग में कौन हैं?

# पाठ दस

## मेरा, तुम्हारा, हमारा, आपका

मेरा, तुम्हारा
इसका

हमारा
उसका

आपका
किसका

मेरा नाम राम है।
तुम्हारा नाम क्या है?
मेरा नाम दिनेश है।

यह मेरा कुत्ता है।
इसका नाम टामी है।
इसका रंग गोरा है।
वह किसका कुत्ता है?
वह उसका कुत्ता है।
उसका रंग काला है।
यह मकान किसका है?
यह मकान सरकार का है।
इसमें सरकार का दफ़्तर है।



यह डाक–घर है।
इसमें कौन काम करते हैं?
इसमें कई लोग काम करते हैं।
मेरे पिताजी भी इसमें काम करते हैं।

यह मेरा देश है।
यह तुम्हारा देश है।
यह आपका देश है।
यह हमारा देश है।
भारत हमारा देश है।





यह बैल–गाड़ी है।
यह रामनाथ की गाड़ी है।
गाड़ी कहाँ से आती है?
यह बाज़ार से आती है।
इसमें रामनाथ क्या लाता है?
वह चावल लाता है।
वह गेहूँ भी लाता है।

गोकुल घर से आता है।
उसका स्कूल दूर है।
वह घर से पैदल आता है।
वह घर से खाना लाता है।



कुमार शंकर से छोटा है।
शंकर कुमार से बड़ा है।
अरुण, तुम किससे लिखते हो?
मैं पेंसिल से लिखता हूँ।
तुम पेंसिल से मत लिखो।
तुम कलम से लिखो।
आज से तुम कलम से ही लिखो।
सुभाष का घर डाक–घर के पास है।

मैदान कहाँ है?
मैदान स्कूल के पास है।
क्या सुरेश के पास कलम है?
हाँ, उसके पास कलम है।
क्या महेश के पास किताब है?
नहीं, उसके पास किताब नहीं है।

# शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मेरा | My | என்னுடைய | నాయొక్క | ನನ್ನ | എന്റെ |
| तुम्हारा | Your | உன்னுடைய | నీయొక్క | ನಿನ್ನ | നിന്റെ, നിങ്ങളു |
| हमारा | Our | நம்முடைய, எங்களுடைய | మాయొక్క, మనయొక్క | ನಮ್ಮ | നമ്മളുടെ |
| आपका | Your | உங்களுடைய, தங்களுடைய | మీయొక్క | ತಮ್ಮ/ನಿಮ್ಮ | നിങ്ങളുടെ |
| किसका | Whose | யாருடைய | ఎవరియొక్క | ಯಾರದು | ആരുടെ |
| नाम | Name | பெயர் | పేరు | ಹೆಸರು | പേര് |
| रंग | Colour | நிறம் | రంగు | ಬಣ್ಣ | കളർ |
| काला | Black | கருப்பு | నలుపు | ಕಪ್ಪು | കറുപ്പ് |
| मकान | Building | கட்டிடம் | భవనము | ಕಟ್ಟಡ | കെട്ടിടം |
| सरकार | Government | அரசாங்கம் | ప్రభుత్వము | ಸರ್ಕಾರ | ഗവർമെൻറ്, സർക്കാർ |
| से | with, than | ஆல், விட | తో, కంటే | ಇಂದ, ಗಿಂತ | കൊണ്ട്, കാര്യ |
| के पास | near, have,has | அருகில் | దగ్గర | ಹತ್ತಿರ | അടുത്ത്, പക്ക |
| दफ़्तर | Office | அலுவலகம் | కార్యాలయము | ಕಛೇರಿ | ആഫീസ് |
| डाक–घर | Post Office | தபால் நிலையம் | తపాలా ఆఫీసు | ಅಂಚೆ ಕಛೇರಿ | തപാൽ ആഫീസ് |
| काम | Work | வேலை | పని | ಕೆಲಸ | ജോലി |
| कई | Many | பல | చాలా | ಬಹಳ | നിറയെ |
| लोग | People | மக்கள் | ప్రజలు | ಜನ | പ്രജകൾ |
| देश | Country | நாடு | దేశము | ದೇಶ | രാജ്യം |
| बैल–गाड़ी | Bullock-cart | மாட்டு வண்டி | ఎద్దుల బండి | ಎತ್ತಿನ ಗಾಡಿ | കാള വണ്ടി |
| गेहूँ | Wheat | கோதுமை | గోధుమలు | ಗೋಧಿ | ഗോതമ്പ് |
| पैदल | On Foot | நடந்து | నడచి వెళ్ళుట | ಬರಿಗಾಲ ನಡೆ | നടക്കുക |
| खाना | Food | உணவு | ఆహారము | ಆಹಾರ | ഭക്ഷണം |

## अभ्यास

एक वाक्य में उत्तर लिखिए :–

1. तुम्हारा नाम क्या है?
2. गाड़ी कहाँ से आती है?
3. मैदान कहाँ है?

# POEM

# 3. मीठी बोली बोलो



जब अपना मुँह खोलो तुम,
मीठी बोली बोलो तुम।
जग में इज़्ज़त पाओगे
बहुत नेक कहलाओगे।।

कोयल मीठा गाती है,
सब का जी ललचाती है।
तोता सब को भाता है,
मीठा मीठा गाता है।।

सच्चा गुण यह जानो तुम,
बात कीमती मानो तुम।
जब अपना मुँह खोलो तुम,
मीठी बोली बोलो तुम।।

*-संकलित*

## शब्दार्थ


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मीठी बोली | Sweet Speech | இனிமையான பேச்சு | తియ్యని మాట | ಮಧುರ ನುಡಿ | മയൂര ഭാഷണം |
| इज़्ज़त | Respect | மரியாதை | మర్యాద | ಗೌರವ | മര്യാദ |
| पाना | To Get | பெறுதல் | పొందుట | ಪಡೆಯಲು | കിട്ടുക |
| नेक | Honest | நேர்மை | నిజాయితి | ಪ್ರಾಮಾಣಿಕತೆ | സത്യസന്ധത |
| जी | Mind | மனம் | మనసు | ಮನಸ್ಸು | മനസ്സ് |
| ललचाना | To Tempt | ஆசைஉண்டாக்குதல் | ఈర్ష్య | ಅಸೂಯೆಪಡುವ | അസൂയ |
| भाना | To Attract | கவர்தல்(மகிழ்வித்தல்) | ఆకర్షించుట | ಆಕರ್ಷಿಸಲು | ആകർഷണം |
| बात | Matter | விஷயம் | మాట | ಮಾತು | വിഷയം |
| कीमती | Costly | உயர்ந்த (மதிப்புள்ள) | విలువైన | ದುಬಾರಿ | വിലപിടിപ്പുള്ള |

## अभ्यास

**अपनी प्रांतीय भाषा में भावार्थ लिखिए:-**

1. जब अपना मुँह खोलो ..................................नेक कहलाओगे।।
2. सच्चा गुण यह जानो ..................................मीठी बोली बोलो तुम।।

# 4. मोर



नाच नाचकर आता मोर,
नाना रंग दिखाता मोर।
बच्चों को बहलाता मोर,
बाग बाग उड़ जाता मोर।।

वन वन शोभित होता मोर,
सावन में खुश होता मोर।
सुन सुनकर बादल का शोर,
अपना नाच दिखाता मोर।।

कितने सुंदर पंख हैं देखो,
पंख में कितने रंग हैं देखो।
रंग में कितने ढंग हैं देखो,
नाच मनोहर इसका देखो।।

*-संकलित*

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नाच | Dance | நடனம் | నృత్యం | ನೃತ್ಯ | നൃത്തം |
| रंग | Colour | நிறம் | రంగు | ಬಣ್ಣ | നിറം |
| नाना | Variety of | பலவகையான | పలువిధములుగా | ವಿವಿಧ | പലതരം |
| बहलाना | To entertain | மகிழ்வித்தல் | వినోదపరచుట | ಮನರಂಜನೆಗಾಗಿ | മനസ്സിനെ സന്തോഷിപ്പിയ്ക്കുക |
| उड़ना | To fly | பறத்தல் | ఎగురుట | ಹಾರಲು | പറക്കുക |
| शोभित होना | To become beauty | அழகாக்குதல் | అలంకరించబడు | ಸೌಂದರ್ಯ ಹೊಂದಲು | ശോഭിപ്പിയ്ക്കൽ |
| सावन | July-august | ஆவணி | శ్రావణం | ಶ್ರಾವಣ | ശ്രാവണമാസം |
| बादल | Cloud | மேகம் | మేఘము | ಮೋಡ | മേഘം |
| शोर | Noise | கூச்சல் (சப்தம்) | సందడి | ಸದ್ದು/ಗದ್ದಲ | ശബ്ദം |
| पंख | Feather | சிறகு | రెక్క | ಗರಿ/ರೆಕ್ಕೆ | ചിറക് |
| ढंग | Method | மாதிரி, வகை | విధము | ಪದ್ಧತಿ/ವ್ಯವಸ್ಥೆ | രീതി |
| मनोहर | Fascinating | மனதை கொள்ளை கொள்ளுதல் | సుందరమైన | ಮನೋಹರ | മനോഹരമായ |

## अभ्यास

**अपनी प्रांतीय भाषा में भावार्थ लिखिए:-**

1. नाच नाचकर आता ........................................................उड़ जाता मोर।।
2. कितने सुंदर पंख ........................................................इसका देखो।।

DOHA

3. तरुवर फल नहिं खात हैं, सरवर पियहिं न पान।
कहि रहीम पर काज हित, संपत्ति सँचहिं सुजान।।

(रहीम)

4. रहिमन देखि बड़ेन को, लघु न दीजिए डारि।
जहाँ काम आवे सुई, कहा करे तरवारि।।

(रहीम)

# PROSE

# 9. दूर संचार

बच्चो! संचार के साधन का अर्थ है - वह साधन जिसके द्‌वारा हम अपने समाचार दूसरे को भेज सकें तथा उनके समाचार प्राप्त कर सकें।

संचार के साधन दिन-ब-दिन बढ़ते चले जा रहे हैं। ज़रा सोचिए। एक ज़माना वह भी था, जब एक समाचार भेजने में कई दिन लग जाते थे। कबूतरों के पैरों में पत्र बाँध दिया जाता था, या घोड़े पर सवार दूत संदेश लेकर जाता था। और अब, सैकड़ों-हज़ारों किलोमीटर दूर बैठे व्यक्ति से मिनटों में ही बात हो जाती है। सेल फ़ोन के पटल पर उँगली रखिए और मनचाहे व्यक्ति से बात कीजिए।



क्या आप जानते हैं कि टेलिफ़ोन का आविष्कार किसने किया था? ग्राहांबेल ने उसका आविष्कार किया था। अमेरिका के मार्टिन कूपर ने सेल फ़ोन का आविष्कार किया।

आजकल गाँव-गाँव तक टेलीफ़ोन या सेल फ़ोन पहुँच गये हैं। इसके प्रयोग से समय, श्रम, शक्ति तथा धन की बचत होती है। हम घर पर बैठे-बैठे ही देश-विदेश के मित्रों तथा परिचितों से बात कर लेते हैं। व्यापारियों के लिए तो यह एक वरदान ही है। संचार के अन्य साधनों में रेड़ियो, टेलीविज़न, टेलीप्रिंटर, टेलेक्स, फैक्स आदि प्रमुख हैं। आज हम वाट्स अप तक आ गये हैं।





टेलीविज़न को दूरदर्शन के नाम से जाना जाता है। इसका आविष्कार जे.एल.बेयर्ड ने किया था। भारत में यह 15 सितंबर, 1959 को प्रारंभ हुआ था। धीरे-धीरे इसका विस्तार होता चला जा रहा है। टेलीविज़न पर मनोरंजक कार्यक्रम के साथ-साथ

समाचार भी आते हैं। रेडियो पर समाचार तो केवल सुने ही जाते हैं,पर टेलीविज़ान पर सचित्र समाचार देखे जा सकते हैं। दूरदर्शन के कार्यक्रम शहरों के साथ गाँवों में भी बहुत रुचि के साथ देखे जाते हैं।





अब तो फैक्स के द्वारा टंकित संदेश भेजा जा सकता है। अंतरिक्ष में उपग्रह की स्थापना से संचार के क्षेत्र में क्रांति-सी आ गयी है और नित्य नये साधन विकसित हो रहे हैं। संचार के साधनों ने हमारा काम बहुत आसान कर दिया है और दुनिया हमको बहुत छोटा बना दिया है।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| समाचार | news | செய்தி | వార్తలు | ಸಮಾಚಾರ | വാർത്ത |
| संचार | broadcasting | பரப்புதல் | ప్రసారం | ಸಂಚಾರ | പ്രചരിപ്പിയ്ക്കുക |
| साधन | instrument | கருவி | సాధనము | ಸಾಧನ | ഉപകരണം |
| कबूतर | dove | புறா | పావురం | ಪಾರಿವಾಳ | പ്രാവ് |
| बाँधना | to tie | கட்டுதல் | కట్టుట | ಕಟ್ಟಲು | കെട്ടുക |
| आविष्कार | invention | புதிய கண்டுபிடிப்பு | ఆవిష్కరణ | ಅವಿಷ್ಕಾರ/ ಸಂಶೋಧನೆ | പുതിയ വസ്തുക്കൾ ഉണ്ടാക്കൽ |
| वरदान | boon | வரம் | వరం | ವರದಾನ | വരം |
| संदेश | message | செய்தி | సందేశం | ಸಂದೇಶ | സന്ദേശം |
| अंतरिक्ष | space | விண்வெளி | అంతరిక్షం | ಆಂತರೀಕ್ಷ/ ಗಗನಮಂಡಲ | ആകാശം |
| क्रांति | revolution | புரட்சி | విప్లవం | ಕ್ರಾಂತಿ | വിപ്ലവം |
| विकसित होना | to be developed | விரிவடைதல் | అభివృద్ధి చెందుట | ಅಭಿವೃದ್ಧಿಮಾಡಲು | വികസിപ്പിയ്ക്കുക |
| सैकड़ों | hundreds of | நூற்றுகணக்கான | వందలు | ನೂರಾರು | നൂറ്കണക്കാന |
| प्रयोग | experiment | உபயோகம் | ప్రయోగం | ಪ್ರಯೋಗ | പരീക്ഷണം |
| श्रम | labour | உழைப்பு | కార్మిక | ಕಾರ್ಮಿಕ | പരിശ്രമം |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आसान | easy | எளிய | తేలిక | ಸುಲಭ | എളുപ്പം |
| निकट | nearby | அருகில் | దగ్గర | ಸಮೀಪದ/ಹತ್ತಿರದ | അരികിൽ |
| उपग्रह | satellite | துணைக்கோள் | ఉపగ్రహం | ಉಪಗ್ರಹ/ಗ್ರಹ | സാറ്റിലൈറ്റ് |
| मनोरंजक | recreating | மனதிற்குப் பிடித்த | మనోరంజకం | ಮನೋರಂಜಕ/ ಮರುಸೃಷ್ಟಿಸುವ | മനസ്സിനുപിടിച്ച |
| बचत | savings | சேமிப்பு | పొదుపు | ಉಳಿತಾಯ | മിച്ചം പിടിയ്ക്കുക |

## अभ्यास

**प्रांतीय भाषा में अर्थ लिखिए:-**

समाचार साधन बाँधना संदेश

क्रांति विकसित होना उपग्रह आविष्कार

**विलोम शब्द लिखिए:-**

बढ़ना बाँधना वरदान आसान निकट

**वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

प्राप्त करना बात करना आविष्कार धीरे-धीरे समाचार

विकसित होना आसान प्रतिदिन पहुँचना

**खाली जगहें भरिए :-**

1. ..................... टेलिफोन का आविष्कार किया था।
2. व्यापारियों के लिए टेलिफोन ............................ हैं।
3. संचार के .........................प्रतिदिन बढ़ते चले जा रहे हैं।
4. संचार के साधनों ने हमारा काम ............... कर दिया है।
5. टेलीविज़न पर ..........................समाचार देख सकते हैं।

**प्रश्नों के उत्तर तीन-तीन वाक्यों में लिखिए:-**

1. दूर संचार किसे कहते हैं?
2. दूरदर्शन के बारे में तीन वाक्य लिखिए।
3. पुराने ज़माने में संदेश कैसे भेजा जाता था?
4. टेलिफ़ोन की उपयोगिता के बारे में तीन वाक्य लिखिए।
5. संचार के साधनों के फ़ायदे क्या हैं?

# STORY

# 2. बूढ़ा शिकारी कुत्ता

एक शिकारी ने कई शिकारी कुत्ते पाल रखे थे। शिकारी ने कुत्तों को शिकार पकड़ लाने का अच्छा खासा प्रशिक्षण दिया था। उसके पास एक बूढ़ा कुत्ता भी था, उसका नाम शेरू था। कई सालों से अपने मास्टर के लिए शिकार पकड़कर लाने का काम बखूबी करता रहा।

बुढ़ापे की मार सबको पड़ती है। वह शिकारी कुत्ता भी बूढ़ा हो चला था। अब उसमें उतना दम नहीं रहा था। फिर भी वह अपने मास्टर के साथ शिकार पर जाता और शिकार पकड़ने के लिए अपना पूरा दम लगाता।

शिकारी एक दिन शिकार पर था। बूढ़ा कुत्ता हिरण के बच्चे को पकड़ने के लिए दौड़ा। बाकी कुत्ते तो पिछड़े थे, परंतु बूढ़ा शिकारी कुत्ता जान हथेली पर रखकर दौड़ा और उसने हिरण को पकड़ लिया और हिरण के पुट्ठे पर अपने दाँत धँसा दिये, मगर उसके बूढ़े, कमज़ोर दाँत टूट गये और हिरण उसके चंगुल से भाग निकला।

शिकारी ने देखा कि बूढ़े कुत्ते ने हिरण को छोड़ दिया है तो उसे उसपर बड़ा गुस्सा आया। उसने उस बूढ़े कुत्ते को मारने के लिए अपनी बंदूक उठायी।



बूढ़े कुत्ते ने अपने मालिक की ओर कातर निगाहों से देखा। मालिक ने उसकी मूक बात सुन ली। मानों, वह बूढ़ा कुत्ता कह रहा हो- मुझे मत मारो। मेरा मन और मेरी इच्छा शक्ति अभी भी मज़बूत है, जवान है। मगर मेरा शरीर बूढ़ा और कमज़ोर हो चला है जिससे मैं शिकार पकड़ने में असफल हो गया। मेरे पुराने, जवानी के दिनों की याद करो - तब मैं क्या था.... और तुम अपने बुढ़ापे के बारे में जरा सोचो तो .....

शिकारी ने कुत्ते को गले से लगा लिया, उसके सिर पर हाथ फेरा, थपथपाया और कहा - कोई बात नहीं शेरू.....

ANSWER

## पाठ - छः

| | |
|---|---|
| 1. भूपाल क्या खाता है? | भूपाल आम खाता है। |
| 2. रवि और करीम कहाँ खेलते हैं? | रवि और करीम मैदान में खेलते हैं। |
| 3. पिताजी कहाँ जाते हैं? | पिताजी बंगलूरू जाते हैं। |

## पाठ - सात

| | |
|---|---|
| 1. लता, तुम यहाँ क्या करती हो? | मैं यहाँ पढ़ती हूँ। |
| 2. गाय क्या पीती है? | गाय पानी पीती है। |
| 3. कुत्ता क्या खाता है? | कुत्ता भात खाता है। |

## पाठ - आठ

| | |
|---|---|
| 1. दिनेश कहाँ से कलम लाता है? | दिनेश बाज़ार से कलम लाता है। |
| 2. विजय क्या खाता है? | विजय सेब खाता है। |
| 3. वनजा, तुम कहाँ पढ़ती हो? | मैं गाँधी स्कूल में पढ़ती हूँ। |

## पाठ - नौ

| | |
|---|---|
| 1. शेखर का घर कहाँ है? | शेखर का घर शहर में है। |
| 2. शेखर का स्कूल कहाँ है? | शेखर का स्कूल इंदिरा नगर में है। |
| 3. बाग में कौन हैं? | बाग में स्कूल के लड़के हैं। |

## पाठ - दस

| | |
|---|---|
| 1. तुम्हारा नाम क्या है? | मेरा नाम दिनेश है। |
| 2. गाड़ी कहाँ से आती है? | गाड़ी बाज़ार से आती है। |
| 3. मैदान कहाँ है? | मैदान स्कूल के पास है। |

## 3. मीठी बोली बोलो

1. जब अपना मुँह खोलो ..................................नेक कहलाओगे।।

These lines are taken from the poem " **मीठी बोली बोलो** ". Poet advises us to speak sweetly.

**Substance :** The poet says, whenever you speak, use soft and sweet words. If you do so you will be respected by others. You will also be considered as an honest person.

The poet says that sweet spoken person is always considered as respectful and honest person.

**இடம்:** இப்பாடலின் வரிகள் **"मीठी बोली बोलो"** என்ற செய்யுளிலிருந்து எடுக்கப் பட்டுள்ளன. பாடலாசிரியர் இனிமையான பேச்சை பேசவேண்டும் என வலியுறுத்தி உள்ளார்.

**பொழிப்புரை:** நீ எப்பொழுது பேசத் தொடங்கினாலும் இனிமையான வார்த்தைகளையே பேசு என்றும் அப்பொழுதுதான் நீ இவ்வுலகில் மரியாதை பெறுவாய் என்றும், எல்லோரும் உன்னை மிக நல்லவன் என அழைப்பார்கள் என்றும் கவிஞர் விவரித்துள்ளார்.

**கருத்துரை :** இப்பாடலின் மூலமாக இனிமையான பேச்சின் அவசியத்தை நாம் உணர்வோம்.

నీవు నోరు విప్పి మాట్లాడేటప్పుడు మధురమైన మాటలు మాట్లాడాలి. అప్పుడే నీవు ప్రపంచంలో గౌరవాన్ని పొందుతావు మరియు చమత్కారి అని పిలవబడతావు. తాత్పర్యమేమంటే నీవు ఎల్లప్పుడు ఇతరులతో మధురమైన సంభాషణ చేయాలి.

ನಾವು ಎಂದೆಂದಿಗೂ ಮೃದು ಮಾತುಗಳನ್ನಾಡಬೇಕು. ನಾವು ಮಾತನಾಡುವ ಸಮಯದಲ್ಲಿ, ಸಂದರ್ಭಗಳಲ್ಲಿ ಅತಿ ಪ್ರೀತಿಯ, ಸಿಹಿಯಾದ ಮಾತುಗಳನ್ನಾಡಬೇಕು. ಈ ದೇಶದಲ್ಲಿ ಗೌರವದಿಂದ ಇರಬೇಕಾದರೆ, ಜನರು ನಮ್ಮನ್ನು ಸ್ಮರಿಸಬೇಕಾದರೆ ನಾವು ಪ್ರಾಮಾಣಿಕ ಮತ್ತು ಸತ್ಯದ ಜೊತೆಗೆ ಜೀವನ ನಡೆಸಬೇಕು.

കവിപറയുന്നത്, നിങ്ങൾ ആരോടും എപ്പോൾ സംസാരിയ്ക്കുമ്പോഴും മധുരമായി സംസാരിയേ്ക്കണ്ടതാണ്. അപ്പോൾ നിങ്ങളെ എല്ലാവരും നല്ലവനെന്നും മര്യാദയുള്ളവനെന്നും പറഞ്ഞു പുകഴ്ത്തുന്നതായിരിയ്ക്കും.

2. सच्चा गुण यह जानो ......................................मीठी बोली बोलो तुम।।

These lines are taken from the poem " **मीठी बोली बोलो** ". Poet advises us to speak sweetly.

**Substance :** The poet says, speaking sweetly is a good quality. The value of spoken words is precious. So whenever you open your mouth always use only lovable words.

The poet advises us to use sweet words while speaking.

**இடம்:** இப்பாடலின் வரிகள் **"मीठी बोली बोलो"** என்ற செய்யுலிலிருந்து எடுக்கப்பட்டுள்ளன.

**பொழிப்புரை:** இனிமையான பேச்சு என்பது உண்மையான நல்ல பண்பென்றும். அதன் மதிப்பு மிக உயர்ந்தது என்றும் நீ உணரவேண்டும். ஆகவே நீ வாயை எப்பொழுதெல்லாம் திறக்கின்றாயோ அப்பொழுதெல்லாம் இனிமையான பேச்சையே பேசவேண்டும் என்று கவிஞர் கூறுகிறார்,

**கருத்துரை :** இனிமையான பேச்சு எல்லோரையும் தன்பால் ஈர்க்கக்கூடிய சிறந்த வழி என்று கவிஞர் விளக்குகிறார்.

నీవు ఇతరులతో మధురమైన సంభాషణ చేయడం వలన మంచి గుణాలు అలవడుతాయి మరియు మాట ఎంత విలువైనదో తెలుస్తుంది. కావున ఇతరులతో మాట్లాడేటపుడు మధురమైన మాటలు మాట్లాడాలి.

ಜಗತ್ತಿನಲ್ಲಿ ಚೆನ್ನಾಗಿ ಬದುಕಬೇಕಾದರೆ ಒಳ್ಳೆಯ ವಿಚಾರಗಳನ್ನು ತಿಳಿದುಕೊಂಡಿರಬೇಕು. ಮಾತುಗಳು ಮೃದುವಾಗಿ ಮೌಲ್ಯಗಳಿಂದ ಕೂಡಿರಬೇಕು. ಪ್ರತಿ ಮಾತಿಗೂ ಬೆಲೆ ಇರಬೇಕು. ಯಾವಾಗ ನೀವು ಬೇರೆಯವರೊಂದಿಗೆ ಮಾತನಾಡುತ್ತೀಯೋ. ಆವಾಗ ಸದಾ ಸಿಹಿಯಾದ ಮಾತುಗಳನ್ನೇ ಆಡಿರಿ.

എപ്പോഴും മധുരമായി സംസാരിയ്ക്കുന്നത് നല്ല ആളുകളുടെ ഗുണമാകുന്നു. അതിന്റെ മര്യാദ വളരെ വിലപ്പെട്ടതാണെന്നു നമ്മൾ അറിഞ്ഞിരിക്കേണ്ടതാണ്. അതുകൊണ്ട്നീ എപ്പോൾ സംസാരിച്ചാലും മധുരമായി സംസാരിക്കുവാനാണ് കവി പറയുന്നത്.

## 4. मोर

1. नाच नाचकर आता ...............................................उड़ जाता मोर।।

These lines are taken from the poem " **मोर** ". In this poem the poet describes the beauty of dancing Peacock.

Substance : The poet says, the Peacock comes dancing. It shows multi colours. It entertains the children. The Peacock flies garden by garden

**இடம்:** இப்பாடலின் வரிகள் **"मोर"** என்ற செய்யுலிலிருந்து எடுக்கப்பட்டுள்ளன. இப்பாடலில் பாடலாசிரியர் நம் தேசியப்பறவை மயிலைப் பற்றி அழகாக வர்ணித்துள்ளார்.

**பொழிப்புரை:** மயில் நன்றாக நடனம் ஆடிக்கொண்டு வருகிறது, பல நிறங்களை காண்பித்துக்கொண்டு வருகிறது. அது குழந்தைகளை மகிழ்விக்கிறது. தோட்டங்களில் அங்கும் இங்கும் பறந்து கொண்டு மயில் வருகிறது.

**கருத்துரை :** தேசியப் பறவையின் அழகை கவிஞர் சிறப்பாக வர்ணித்துள்ளார்.

ఈ పద్యములో నెమలియొక్క అందాన్ని మరియు దానిని చూసే పిల్లల సంతోషం వర్ణించబడినది. నెమలి తన పింఛాన్ని విప్పి నాట్యం చేసేటపుడు నానావిధమైన రంగులు కనిపిస్తాయి. పిల్లలు ఆ వివిధ రంగులను చూసి మురిసిపోతారు. ఈ విధంగా నాట్యం చేస్తూ నెమలి తోట లేక ఉద్యానవనం యొక్క అందాన్ని పెంపొందిస్తూ ఉంటుంది.

ಕುಣಿಯುತ್ತ ಕುಣಿಯುತ್ತ ನವಿಲು ಹಲವಾರು ಬಣ್ಣಗಳನ್ನು ನಮಗೆ ಪ್ರದರ್ಶಿಸುತ್ತದೆ, ಇದು ಮಕ್ಕಳಿಗೆ ತುಂಬಾ ಸಂತೋಷ, ಮನರಂಜನೆಯನ್ನು ನೀಡುತ್ತದೆ. ತೋಟದಿಂದ ತೋಟಕ್ಕೆ ಹಾರುತ್ತ ನವಿಲು ತನ್ನ ಪಯಣ ಬೆಳೆಸುತ್ತೆ.

**മയിൽ** നാനാവർണ്ണങ്ങളിലുള്ള പീലിവിടർത്തി ഭംഗിയായി നൃത്തം ചെയ്യുന്നു. കുട്ടികളെ സന്തോഷിപ്പിച്ചു കൊണ്ട് പൂന്തോട്ടങ്ങളിൽ അങ്ങും ഇങ്ങും ചാഞ്ചാടി കൊണ്ടിരിയ്ക്കുന്നു.

2. कितने सुंदर पंख ...............................................इसका देखो।।

These lines are taken from the poem " **मोर** ". In this poem the poet describes the beauty of dancing Peacock.

Substance : The poet says how beautiful are the feathers of the Peacock. Look at the multicoloured feathers. The colours are designed in various patterns. Look at the attractive dance of the peacock.

The poet describes the Peacock's beauty and dance.

**இடம்:** இப்பாடலின் வரிகள் **"मोर"** என்ற செய்யுலிலிருந்து எடுக்கப்பட்டுள்ளன. இதில் பாடலாசிரியர் மயிலைப் பற்றி சிறப்பாக வர்ணித்துள்ளார்.

**பொழிப்புரை:** மயிலுக்கு எத்தனை அழகான சிறகுகள் இருக்கின்றன. அதன் சிறகுகளில்தான் எத்தனை நிறங்கள், அதன் நிறங்களில் எத்தனை விதங்கள். அதனுடைய நடனம்தான் அனைவரின் மனதை கவரக்கூடியதாக இருக்கிறது என்று மயிலின் அழகை காணுமாறு பாடலாசிரியர் விவரித்துள்ளார்.

**கருத்துரை** : தேசியப்பறவை மயிலின் அழகை கவிஞர் சிறப்பாக வர்ணித்துள்ளார்,

ఈ పద్యములో పిల్లలను ఉద్దేశిస్తూ నెమలియొక్క అందాన్ని వర్ణించడమైనది. నెమలి ఫించములో ఎన్ని రెక్కలున్నాయో చూడు (ప్రతిరెక్కలో ఎన్ని రంగులు ఉన్నాయో చూడు), ప్రతి రంగులో ఎన్ని విధాలు ఉన్నాయో చూడు. ఈ విధంగా నెమలి నాట్యం చేస్తూ, మనోహరంగా కనిపిస్తూ అందరినీ మురిపిస్తోంది.

ಸುಂದರ ರೆಕ್ಕೆಯನ್ನು ಹೊಂದಿರುತ್ತದೆ, ಆ ರೆಕ್ಕೆಗಳಲ್ಲಿ ಹಲವು ಬಣ್ಣಗಳು ಇವೆ. ಆ ಬಣ್ಣಗಳು ಬೇರೆ ಬೇರೆ ಪ್ರಕಾರಗಳಿಂದ ಕೂಡಿದ್ದು ಇದನ್ನು ಮಕ್ಕಳು ಇಷ್ಟಪಡುತ್ತಾರೆ, ಇದೊಂದು ರೀತಿಯ ಮನೋಹರ ಭರಿತವಾಗಿದೆ.

നോക്കുവിൻ! എത്ര മനോഹരമാണാ ചിറകുകൾ, എത്രയെത്ര വർണ്ണങ്ങളാണതിൽ, വർണ്ണങ്ങൾതന്നെ എത്ര തരമുണ്ടെന്ന് നോക്കുവിൻ. ഇനിന്റെ മനോഹരമായ നൃത്തം നോക്കുവിൻ.

## पाठ - 9 दूर संचार

1. दूर संचार किसे कहते हैं?
दैनिक जीवन में हम अपने बारे में दूर रहनेवालों को बताते हैं। दूसरों के बारे में जान लेते हैं। इसी को दूर संचार कहते हैं।
2. दूरदर्शन के बारे में तीन वाक्य लिखिए।
टेलिविज़न ही दूरदर्शन के नाम से जाना जाता है। इसका आविष्कार जे.एल. बेयर्ड ने किया था। अब तो रंगीन टेलिविज़न का ज़माना है।
3. पुराने ज़माने में संदेश कैसे भेजा जाता था?
पुराने ज़माने में एक समाचार भेजने में कई-कई दिन लग जाते थे। घोड़े पर सवार दूत संदेश लेकर जाता था। कबूतरों के पैरों में पत्र बाँध दिया जाता था। इस प्रकार पुराने ज़माने में संदेश भेजा जाता था।
4. टेलिफ़ोन की उपयोगिता के बारे में तीन वाक्य लिखिए।
टेलिफ़ोन के प्रयोग से समय, श्रम, तथा धन की बचत होती है। हम घर पर बैठे-बैठे देश-विदेश के मित्रों से बात कर लेते हैं। व्यापारियों के लिए तो यह एक वरदान है।
5. संचार के साधनों के फ़ायदे क्या-क्या हैं?
संचार के साधनों से - 1. हमारे ज्ञान में वृद्‌धि होती है। 2. समय, श्रम और धन की बचत होती है। 3. जीना आसान हो जाता है।

सीखः- कंजूस भूलकर भी दमड़ी नहीं देता।

## 2. बूढ़ा शिकारी कुत्ता

एक शिकारी के यहाँ एक बूढ़ा शिकारी कुत्ता था। वह कई वर्षों तक शिकार पकड़ने का काम बखूबी करता था।

एक दिन शिकारी के साथ बूढ़ा कुत्ता शिकार पर गया। तब एक हिरण का पीछा करके उसने उसे पकड़ लिया और हिरण पर अपने दाँत धँसा दिये। मगर उसके दाँत टूट गये और हिरण भाग गया।

शिकारी को कुत्ते पर क्रोध आया। उसने उसको मारने के लिए बंदूक उठायी।

बूढ़े कुत्ते ने कातर निगाहों से मालिक से मानों इस प्रकार कह रहा था कि मुझे मत मारो। मेरा शरीर अब कमज़ोर हो गया है। मेरी जवानी के दिनों की याद करो।

मालिक उसकी मूक बात समझ गया और फिर से उससे प्यार करने लगा।

**सीखः- बुढ़ापे से कोई बच नहीं सकता।**

## II. अक्षरों में लिखिए:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 एक | 11 ग्यारह | 21 इक्कीस | 31 इकतीस | 41 इकतालीस |
| 2 दो | 12 बारह | 22 बाईस | 32 बत्तीस | 42 बयालीस |
| 3 तीन | 13 तेरह | 23 तेईस | 33 तैंतीस | 43 तैंतालीस |
| 4 चार | 14 चौदह | 24 चौबीस | 34 चौंतीस | 44 चवालीस |
| 5 पाँच | 15 पंद्रह | 25 पच्चीस | 35 पैंतीस | 45 पैंतालीस |
| 6 छे | 16 सोलह | 26 छब्बीस | 36 छत्तीस | 46 छियालीस |
| 7 सात | 17 सत्रह | 27 सत्ताईस | 37 सैंतीस | 47 सैंतालीस |
| 8 आठ | 18 अठारह | 28 अट्ठाईस | 38 अड़तीस | 48 अड़तालीस |
| 9 नौ | 19 उन्नीस | 29 उनतीस | 39 उनचालीस | 49 उनचास |
| 10 दस | 20 बीस | 30 तीस | 40 चालीस | 50 पचास |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ¼ पाव | 1¼ सवा | 2¼ सवा दो | 3¼ सवा तीन | 4¼ सवा चार |
| ½ आधा | 1½ डेढ़ | 2½ ढाई | 3½ साढ़े तीन | 4½ साढ़े चार |
| ¾ पौन | 1¾ पौने दो | 2¾ पौने तीन | 3¾ पौने चार | 4¾ पौने पाँच |